भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 294

सोमवार, 2 फरवरी, 2026/13 माघ, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पारिस्थितिकी-पर्यटन को बढ़ावा देना

294. श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पर्यावरण संरक्षण करते हुए राजस्थान सहित पूरे देश में पारिस्थितिकी-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष पहल की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) राजस्थान के नाथद्वारा, राजसमंद, कुड़की आदि जैसे क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पारिस्थितिकी-पर्यटन सहित पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से समग्र रूप से भारत का संवर्धन करता है। जारी गतिविधियों के भाग के रूप में; पारिस्थितिकी-पर्यटन का भी संवर्धन किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया संवर्धनों के माध्यम से राजस्थान सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों का नियमित रूप से संवर्धन करता है।

भारत को पारिस्थितिकी-पर्यटन के लिए एक पसंदीदा वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए, पर्यटन मंत्रालय ने पारिस्थितिकी-पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति तैयार की है।

पारिस्थितिकी-पर्यटन के विकास के लिए निम्नलिखित रणनीतिक स्तंभों को चिह्नित किया गया है:

(i) राज्य का मूल्यांकन और रैंकिंग

(ii) पारिस्थितिकी-पर्यटन के लिए राज्य की रणनीति

(iii) आईईसी, क्षमता निर्माण और प्रमाणन

(iv) विपणन एवं संवर्धन

(v) गंतव्य और उत्पाद विकास

(vi) सार्वजनिक-निजी और सामुदायिक भागीदारी

(vii) शासन और संस्थागत कार्यढांचा

पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत पारिस्थितिकी परिपथ को विषयगत परिपथों में से एक के रूप में चिह्नित किया है।

इस मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना को पर्यटन और गंतव्य-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और उत्तरदायी गंतव्य के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया गया है।

राजस्थान राज्य में मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

******

अनुबंध

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ द्वारा पारिस्थितिकी-पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 02.02.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 294 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

राजस्थान राज्य में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
क	**स्वदेश दर्शन 1.0**	
i.	जयपुर जिले में सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास (सितम्बर 2015)	50.01
ii.	गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास (सितम्बर 2016)	75.80
iii.	आध्यात्मिक परिपथ - 'चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास (मार्च 2017)	87.05
iv.	विरासत परिपथ राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले के अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था) -झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-निलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास (जून 2017)	70.61
	कुल स्वीकृत लागत	**283.47**
ख	**स्वदेश दर्शन 2.0**	
i.	केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव (फरवरी 2024, जून 2025 में संशोधित)	21.65
ii.	श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य (मार्च 2025)	87.87
iii.	श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य (जुलाई 2025)	22.58
iv.	मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिले का विकास (जुलाई 2025)	48.73
	कुल स्वीकृत लागत	**180.83**

ग	**प्रशाद**	
i.	पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास (सितम्बर 2019 में संशोधित)	32.64
	कुल स्वीकृत लागत	**32.64**
घ	**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)**	
i.	आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र का विकास (नवम्बर 2024)	49.31
ii.	जल महल का विकास (नवम्बर 2024)	96.61
	कुल स्वीकृत लागत	**145.92**
ङ	**केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए)**	
i.	श्रीतनोट परिसर, जैसलमेर सेक्टर में सीमा पर्यटन का विकास	17.68
ii.	बूंदी में स्थित नवलसागर झील पर म्यूजिकल फाऊंटेन एवं वॉटर स्क्रीन मीडिया आधारित प्रोजेक्शन शो सिस्टम की स्थापना	9.26
iii.	अजमेर रेलवे स्टेशन	5.52
iv.	जयपुर रेलवे स्टेशन	4.88
v.	चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन	4.99
	कुल लागत	**42.33**
	कुल केंद्रीय सहायता	**685.19**

****